**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**19.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

**भारत–पाक युद्ध**

वर्ष 1965 में हुये भारत–पाकिस्तान युद्ध के सैनिकों के बलिदान और साहसपूर्ण कार्यों की याद में देश इस महीने हीरक जयंती मना रहा है। केन्द्र सरकार कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले और शक्ति परीक्षण में भारत की विजय सुनिश्चित करने वाले वीरों के सम्मान में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में 60 वर्ष पूर्व पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिकों व युद्ध नायकों के परिवारों के साथ बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी युद्ध केवल युद्ध के मैदान में नहीं लड़ा जाता, बल्कि युद्ध में प्राप्त विजय पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि जी.एस.टी. में किए गए सुधारों से आम आदमी से लेकर व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आर्थिक सुधारों को नया आयाम दे रहे हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 28 फीसदी जीएसटी के तहत आने वाले 90 फीसदी उत्पादन को 18 फीसदी की जीएसटी में लाया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि रोजमर्रा की चीज़ों और कृषि उत्पादों का विशेष ध्यान रखा गया है और अनेक उत्पादों पर जीएसटी को खत्म किया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था दुनियाभर में 11वें पायदान से चौथे पायदान पर पहुंच चुकी है और वर्ष 2029 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरे स्थान पर पहुंचाने का लक्ष्य है।

**जीएसटी सुधार – ऑटो**

कर ढांचे को सरल बनाने और नागरिकों पर वित्तीय बोझ कम करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की। नई कर दरें सोमवार से लागू होंगी। आज हम इन सुधारों के ऑटोमोबाइल उद्योग पर संभावित प्रभाव पर एक नज़र डालेंगे।

**राजेश धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बिलासपुर ज़िले में घुमारवीं–बल्ही–अमरपुर सड़क को सुदृढ़ करने पर 6 करोड़ 13 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने आज घुमारवीं क्षेत्र की सेऊ पंचायत में जनसमस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा

किया। राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित कर रही है जहां डॉक्टरों व अन्य पैरामैडिकल स्टाफ की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि घुमारवीं नागरिक अस्पताल में 6 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। राजेश धर्माणी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भराड़ी का दौरा भी किया और मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायज़ा लिया।

**नमस्कार।**